# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 30 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 273

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं,12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की अदालत ने एक्साइज़ पॉलिसी मामले से जुड़े एक सीबीआई मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ जहां लग रहा था कि जल्द ही उन्हें मनी लांड्रिंग के केस से निजात मिलने वाली है, वहीं दूसरी तरफ अब सीबीआई के फंदे ने उन्हें जकड़ लिया है। सीबीआई ने 26 जूनआबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और ्रक्क के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बेल मिलने के बाद उन्हें दो जून को फिर से अंतरिम जमानत खत्म होने के बाद तिहाड़ जेल जाना पड़ा था। इसके बाद से लगातार आम आदमी पार्टी विरोध प्रदर्शन करती आ रही है। एक तरफ निचली अदालत के जमानत देने के फैसले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी, वहीं दूसरी तरफ सीबीआई की पूछताछ के बाद यह लग रहा है कि केजरीवाल के जेल से बाहर आने में समय लगने वाला है।

### बुलंदशहर में मनचलों का आतंक, सुरक्षा और न्याय के लिए भटक रही महिला

**बुलंदशहर (आरएनएस)।** शहर की एक विधवा महिला को इंसाफ के लिए लड़ते हुए देखा जा रहा है। उन्हें मनचलों के आतंक से परेशानी हो रही थी, जिसके चलते उनके घर से निकलना भी मुश्किल हो गया था। विधवा महिला पेट के लिए नौकरी कर रही थी, लेकिन उन्हें नौकरी पर भी मनचलों ने पहरा लगा रखा था। महिला ने न्याय के लिए बुलंदशहर के अधिकारियों के पास गुहार लगाई। एसपी सिटी ने इस मामले में पीड़िता को न्याय का भरोसा दिया और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए। यह मामला बुलंदशहर सिटी कोतवाली शेत्र के नर्सलघाट में घटित हुआ।

### नहीं रहे पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धरमपुरी श्रीनिवास, लंबी बीमारी के बाद हुआ निधन

**हैदराबाद (आरएनएस)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धरमपुरी श्रीनिवास का लंबी बीमारी के बाद 76 साल की उम्र में शनिवार तडक़े यहां निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीनिवास ने सुबह तीन बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। मस्तिष्काघात के बाद पिछले कुछ वर्षों से उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं था। पूर्व सांसद अविभाजित आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री और दो बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे थे। 'डीएस' के नाम से लोकप्रिय श्रीनिवास के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उनके छोटे बेटे धरमपुरी अरविंद निजामाबाद से भाजपा सांसद हैं, जबकि बड़े बेटे धरमपुरी संजय निजामाबाद के मेयर रह चुके हैं। वर्ष 2014 में तेलंगाना में पहली सरकार बनने के बाद श्रीनिवास तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति) में चले गये थे। उन्हें सरकार का विशेष सलाहकार बनाया गया था। बाद में 2016 में उन्हें राज्यसभा सदस्य बनाया गया। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप लगे। कहा गया कि उन्होंने अपने बेटे अरविंद को बढ़ावा दिया जो भाजपा में शामिल हो गए। तब से, श्रीनिवास सक्रिय राजनीति से दूर रहे। वह 26 मार्च 2023 को अपने बेटे संजय के साथ व्हीलचेयर पर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और तत्कालीन तेलंगाना कांग्रेस प्रभारी माणिकराव ठाकरे और राज्य कांग्रेस प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। हालांकि अगले ही दिन श्रीनिवास की ओर से एक बयान जारी किया गया जिसमें उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने से इनकार किया। यह दावा किया गया कि वह केवल अपने बेटे के साथ कांग्रेस कार्यालय गए थे। श्रीनिवास 1989 में कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसी साल निजामाबाद शहरी निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए और मंत्री बने। वे 1999 और 2004 में फिर से विधायक चुने गए। श्रीनिवास 2013 से 2015 के बीच विधान परिषद के सदस्य भी रहे।

## दर्दनाक हादसा : विपरीत दिशा से आ रही कार ने दूसरी गाड़ी को मारी टक्कर, 6 की मौत, कई घायल

**जालना | आरएनएस**



मुंबई से लगभग 400 किलोमीटर दूर जालना जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ा सडक़ हादसा हुआ। जहां मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर हुई दो कारों की भीषण टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा देर रात करीब 12 बजे हुआ जब एक स्विफ्ट डिजायर कार ईंधन भरवाने के बाद गलत साइड से हाईवे पर घुस गई और नागपुर से मुंबई जा रही अर्टिगा से टकरा गई। दोनों कारों की टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा हवा में उछल गई और राजमार्ग पर लगे बैरिकेड पर जा गिरी। जबकि यात्री कार से बाहर सडक़ पर गिर गए। दूसरी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।खून से लथपथ शव हाइवे पर पड़े देखे गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही समृद्धि राजमार्ग पुलिस और जालना पुलिस मौके पर पहुंची। कारों को हटाने के लिए एक क्रेन को काम पर लगाया गया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि रात के करीब 12 बजे स्विफ्ट डिजायर कार विपरीत दिशा में डीजल भरवाने के बाद जा रही थी, तभी नागपुर से मुंबई जा रही अर्टिगा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा जालना इलाके में समृद्धि हाईवे पर कडवंची गांव के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही समृद्धि हाईवे पुलिस और तालुका जालना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से समृद्धि हाईवे के नीचे से दोनों कारों को बाहर निकाला और सडक़ को यातायात के लिए खोल दिया।

## निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से आठ बच्चे दबे, मची चीख-पुकार; तीन की मौत

**ग्रेटर नोएडा | आरएनएस**



ग्रेटर नोएडा में एक बड़ी दुर्घटना हुई है। भीषण बारिश के चलते निर्माणाधीन एक मकान की दीवार गिर गई। इसके नीचे आठ बच्चे दब गए। इनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई। बाकी बच्चों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मौके पर राहत व बचाव टीमें मौजूद हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत खोदना गांव में निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई है। इस घटना में आयशा (16), आहद (4) , हुसैन (5), आदिल (8), अलफिज़ा (2), सोहना (12), वासील (11) और समीर (15 ) दब गए।

मकान मालिक सगीर के मकान की दीवार गिरने से उनके ही परिवार और रिश्तेदारों के आठ बच्चे उसके नीचे दब गए। इसमें आहद, आदिल व अलफिजा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है और यह भी पता कर रही है कि कहीं और लोग तो दीवार के नीचे दबे नहीं हैं। गौरतलब है कि गुरुवार देर रात से ही एनसीआर में हो रही तेज बारिश ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। कई जगह जल भराव के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

## लद्दाख में युद्ध अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा, नदी पार करते समय अचानक बढ़ा जलस्तर; सेना के पांच जवान शहीद



**लेह | आरएनएस**

लद्दाख में न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास शनिवार तडक़े एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां युद्ध अभ्यास के दौरान एक टी-72 टैंक नदी पार कर रहा था, तभी नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस हादसे में सेना के पांच जवान पानी के तेज बहाव में बह गए और पांचों ने शहादत का जाम पी लिया। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना मंदिर मोड़ के पास सुबह करीब 3 बजे हुई।

अधिकारियों ने बताया कि टी-72 टैंक, जिसमें पांच सैनिक सवार थे। जब वे नदी पार कर रहे थे तो अचानक आई बाढ़ के कारण डूब गए। डिफेंस ऑफिशियल ने बताया कि पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

बता दें कि जिस ञ्ज-72 टैंक के साथ जवान प्रैक्टिस कर रहे थे। वह भारत में अजेय नाम से जाना जाता है। इसे 1960 में रूस में बनाया गया और 1973 में सोवियत सेना में शामिल किया गया था। यूरोप के बाद भारत ऐसा पहला देश था, जिसने रूस से यह टैंक खरीदा था। भारत के पास अजेय टैंक के तीन वैरियंट है, इन तीनों में करीब 2 हजार से ज्यादा यूनिट शामिल हैं।

## इस बार आनलाइन मोड में होंगे यूजीसी-नीट सहित तीन प्रमुख एग्जाम, एनटीए ने नई तारीखों का किया ऐलान

**नई दिल्ली | आरएनएस**




नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एनसीईटी, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट और यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षाओं की नई तारीखों की घोषणा कर दी है। इस बार एग्जाम मोड भी ऑनलाइन रखा गया है। रद्द होने से पहले पेन और पेपर मोड में हुआ था।

एनटीए ने शुक्रवार रात जारी एक अधिसूचना में घोषणा की कि एनसीईटी 2024 का आयोजन अब 10 जुलाई को किया जाएगा। इसी प्रकार, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 25-27 जुलाई को जबकि यूजीसी-नेट जून 2024 चक्र की परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी।

एनटीए की अधिसूचना में उम्मीदवारों को अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाने का सुझाव दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा 2024 अपने वास्तविक कार्यक्रम के अनुसार 6 जुलाई को ही आयोजित की जाएगी।

## आईआरसीटीसी की वेबसाइट हैक कर बेचे 4.25 करोड़ के तत्काल टिकट, मुंबई विजिलेंस और सूरत पुलिस ने किया भंडाफोड़

**सूरत | आरएनएस**




गुजरात के सूरत शहर में एक व्यक्ति को आईआरसीटीसी वेबसाइट की सिक्योरिटी बाइपास करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि आरोपी शख्स रेलवे की वेबसाइट के सिस्टम को बाइपास करके तत्काल टिकट बुक करता था। आरोप है कि कुछ सॉफ्टवेयर की मदद से वो कई टिकट का स्लॉट ब्लॉक कर देता था, जिससे आम लोगों को टिकटें अवेलेबल नहीं हो पाती थीं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे की मुंबई विजिलेंस टीम और सूरत की उमरा पुलिस स्टेशन की टीम ने सिटी लाइट इलाके के एक अपार्टमेंट में छापा मारा था। यहां से राजेश नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजेश रेलवे की टिकट बुकिंग का काम करता है। सूरत सिटी पुलिस के डीसीपी विजय सिंह गुर्जर ने बताया, विजिलेंस टीम को इन्फॉर्मेशन मिली थी कि राजेश रेलवे की वेबसाइट के सिस्टम को बाइपास करके तत्काल बुक करता है। वो कुछ टिकट का स्लॉट ब्लॉक कर देता, जिससे आम लोगों को टिकट अवेलेबल नहीं हो पाती थीं।

डीसीपी ने बताया कि आम तौर पर टिकट बुक करने में 1 से डेढ़ मिनट का टाइम लगता है, लेकिन आरोपी जिन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा था, उनसे ये सारे प्रोसेस बाइपास हो जाते और 20 से 30 सेकेंड के अंदर एक टिकट बुक हो जाती थी। पुलिस के मुताबिक इस तरह आरोपी एक ही लैपटॉप से एक साथ 5 टिकट बुक करता था। पांच लैपटॉप के जरिए एक साथ 20-25 टिकट बुक कर लेता था। छापे में आरोपी के पास से 6 लैपटॉप, कैश मशीन, पांच मोबाइल, पेपर कटिंग मशीन, प्रिंटर, हाई इंटरनेट स्पीड राउटर मिले हैं।

आईआरसीटीसी ने कहा कि आरोपी का मकसद ज्यादा तत्काल टिकट पर ज्यादा पैसे लेना होता था। वो एक टिकट पर 200 से 600 रुपये ज्यादा लेता था। आरोपी ने हाल में सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल से जितनी टिकटें बुक की हैं, उसका टोटल अमाउंट 4.25 करोड़ रुपये है।

## हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 4 लाख फर्जी एडमिशन, सरकारी फंड का किया मिसयूज; सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली | आरएनएस**





हरियाणा के सरकारी स्कूलों में एडमिशन को लेकर फर्जीवाड़े के मामले में सीबीआई अब एक्शन मोड में आ गई है। 2016 में पकड़े गए चार लाख फर्जी छात्रों के मामले में एजेंसी ने एफआईआर दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 2 नवंबर 2019 के आदेश पर मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और दावा किया था कि जांच के लिए भारी जनशक्ति की आवश्यकता हो सकती है और जांच राज्य पुलिस को दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने हाल ही में याचिका खारिज कर दी जिसके बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की।

हाईकोर्ट को 2016 में सूचित किया गया था कि आंकड़ों के सत्यापन से पता चला है कि सरकारी स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं में 22 लाख छात्र थे, लेकिन वास्तव में केवल 18 लाख छात्र ही पाए गए और चार लाख फर्जी दाखिले थे। अदालत को यह भी बताया गया कि समाज के पिछड़े या गरीब तबके के छात्रों को स्कूलों और मिड डे मील योजना में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कुछ लाभ दिए जा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने राज्य सतर्कता विभाग को 4 लाख फर्जी छात्रों के नाम पर धन की संदिग्ध हेराफेरी की जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने का आदेश दिया था। पीठ ने जिम्मेदारी तय करने और दोष सिद्ध होने पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। सतर्कता ब्यूरो की सिफारिशों पर राज्य में सात एफआईआर दर्ज की गई।

हाईकोर्ट ने अपने 2019 के आदेश में कहा था कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच बहुत धीमी है। इसके बाद इसने उचित और त्वरित जांच के लिए मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया। इसने राज्य सतर्कता विभाग को 2 नवंबर 2019 को अपने आदेश के एक सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेज सौंपने को कहा था और सीबीआई को तीन महीने के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

## अमरनाथ यात्रा : 4,029 यात्रियों का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू | आरएनएस**



पवित्र अमरनाथ यात्रा आज यानी 29 जून से शुरू हो चुकी हैं। भारी सुरक्षा के बीच तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 4,029 यात्रियों का दूसरा जत्था 200 वाहनों के दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, इनमें से 1,850 यात्री सुबह 4 बजे 104 वाहनों में बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 2,179 यात्री 96 वाहनों में सवार होकर सुबह 4.30 बजे पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुए।

अधिकारियों ने बताया, दोनों काफिलों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। 52 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा आज से शुरू हो चुकी है और यह 19 अगस्त को समाप्त होगी। यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम रूट से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रूट से यात्रा करते हैं।पहलगाम मार्ग से जाने वालों को मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग से जाने वाले लोग दर्शन के बाद उसी दिन वापस लौट आते हैं।

यह मंदिर समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और इसमें बर्फ से बना एक शिवलिंग है। भक्तों का मानना है कि यह शिवलिंग भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। इस साल यात्रा को सुचारू और किसी भी दुर्घटना से बचाने के लिए दोनों आधार शिविरों और गुफा मंदिर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। दोनों मार्गों के साथ-साथ पारगमन शिविरों और गुफा मंदिर में 124 से ज्यादा लंगर लगाए गए हैं।

इस साल की यात्रा के दौरान 7,000 से ज्यादा सेवादार (स्वयंसेवक) तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

## अनंत-राधिका अंबानी की शादी के कार्ड में जड़ा है सोने और चांदी का मंदिर

**वाराणसी | आरएनएस**



उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के विवाह पूर्व के उत्सव को पूरी दुनिया ने देखा। अब जब उनकी शादी के दिन नजदीक आ रहे हैं और लोगों तक शादी के कार्ड पहुंच रहे हैं तो उसकी चर्चाएं भी हर किसी की जुबान पर हैं। हर कोई जानना चाहता है कि नीता अंबानी ने जो कार्ड बाबा विश्वनाथ, मां अन्नपूर्णा और मां विशालाक्षी को अर्पित किए हैं, उसकी खास बात क्या है? अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का कार्ड सुनहरे रंग के बॉक्स में है। उसे खोलते ही सबसे पहले चतुर्भुज स्वरूप में भगवान विष्णु की तस्वीर लगी है। तस्वीर को हटाते ही वैदिक मंत्रों की मनोहारी धुन सुनाई देती है। इसके बाद चांदी के सुनहरे रंग के डिब्बे में विवाह के आयोजन की तिथियों के निमंत्रण पत्र रखे गए हैं। इसमें ही चांदी के मंदिर में गणेश जी, मां दुर्गा, राधा कृष्ण और भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की स्वर्ण प्रतिमाएं भी रखी हुई हैं। विशालाक्षी मंदिर के महंत सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि ऐसा अद्भुत और अलौकिक शादी का कार्ड आज के पहले उन्होंने कभी नहीं देखा था। यह कार्ड तो उनके मोहल्ले में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर कोई देखना चाहता है कि नीता अंबानी के बेटे की शादी का कार्ड कैसा है। कार्ड देखने के लिए सुबह से ही लोगों की कतार लगी रहती है।

## अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में भारी बारिश की संभावना,मौसम विभाग की चेतावनी

**नई दिल्ली | आरएनएस**



भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अगले 4-5 दिनों के दौरान दिल्ली और पूर्वोत्तर राज्यों समेत उत्तर-पश्चिम भारत में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है।

मानसून की उत्तरी सीमा अब राजस्थान में जैसलमेर, चुरू, भिवानी, दिल्ली, अलीगढ़, हरदोई, मुरादाबाद, ऊना (पश्चिमी उत्तर प्रदेश), पंजाब में पठानकोट और जम्मू से होकर गुजर रही है।

मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2-3 दिनों के दौरान पश्चिमी राजस्थान, हरियाणा-चंडीगढ़ और पंजाब के कुछ और हिस्सों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू के शेष हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढऩे के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

मौसम बुलेटिन के अनुसार, 29 जून से 3 जुलाई तक दिल्ली, हरियाणा चंडीगढ़, पंजाब हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में, 29 जून, 2 और 3 जुलाई को पश्चिमी राजस्थान में, 29 और 30 जून को छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय क्षेत्र, झारखंड, ओडिशा में और 30 जून से 2 जुलाई के दौरान बिहार में भारी बारिश होने की उम्मीद है।

उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले पांच दिनों के दौरान गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार, अगले पांच दिनों के दौरान केरल, कर्नाटक, कोंकण और गोवा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र में गरज के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। जबकि मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तेलंगाना में छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है। अगले पांच दिनों के दौरान उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।